भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
जल संसाधन नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग
केंद्रीय जल आयोग
पुस्तकालय और सूचना ब्यूरो

सत्यमेव जयते

Government of India
Ministry of Jal Shakti
Dept. of Water Resources, RD&GR
Central Water Commission
Library & Information Bureau

No.1/1/2021/पुस्त॰/पुस्तकें /समिति/

विषय:- के॰ज॰आ॰ के पुस्तकालय के आधुनिकरण के संबंध मे- पुस्तकों / प्रकाशनों / जर्नल्स की खरीद आदि के लिये माँग / सुझाव / प्रस्ताव एवं सिफ़ारिश तथा दूसरी आपेछित सूचना से संबन्धित निवेदन ।

महोदय,

केन्द्रीय जल आयोग पुस्तकालय की स्थापना वर्ष 1931 में शिमला में केन्द्रीय सिचाई बोर्ड में की गई थी , सन 1945 में केन्द्रीय जलमार्ग, सिंचाई एवं **नौपरिवहन** आयोग (Central Waterways, Irrigation & navigation Commission , CWINC) की स्थापना के बाद, सन 1955 में यह पुस्तकालय दिल्ली - आर.के. पुरम में स्थानांतरित कर दिया गया था, जहाँ आज की तारीख मे, जल संसाधनो के नियंत्रण, संगरक्षण और उपयोग से संबंधी लगभग 73,500 तकनीकी पुस्तके/पत्रिकाएँ एवं लगभग 1,00,000 जरनल्स उपलब्ध है। इस ऐतिहासिक तथा गौरवशाली पुस्तकालय का, भारत की आजादी के बाद हुए जल संसाधनो के विकास मे अहम योगदान रहा है।

के॰ज॰आ॰ के वर्तमान अध्यक्ष एवं सदस्य महोदयों के मार्गदर्शन मे, इस पुस्तकालय का आधुनिकरण तथा उन्नयन का कार्य प्रगति पर है। जिसके क्रम मे इस पुस्तकालय को NIC के e-Granthalay पोर्टल पर लॉच किया जा चुका है, जहां पर इस पुस्तकालय की सभी पुस्तकों की सूची CWC की वेब साइट पर उपलब्ध है, तथा जिसके माध्यम से किसी भी पुस्तक की उपलब्धता अपने desktop पर देखी जा सकती है।

**इसके अगले क्रम मे,** के॰ज॰आ॰ के इस पुस्तकालय मे जहाँकि वर्तमान मे सदस्यो की संख्या केवल 200 ही है, और जोकि के॰ज॰आ॰ के समस्त अधिकारियों तथा कर्मचारियो की संख्या की तुलना मे बहुत ही कम है, को बढ़ाने का कार्य प्रारम्भ किया जा चुका है। **अध्यक्ष महोदय की अनुमति से**, इस पुस्तकालय की उपयोगिता को बढ़ाने के लिए तथा इस का लाभ समस्त अधिकारियों को देने के लिए, के॰ज॰आ॰ के समस्त अधिकारियों/ कर्मचारियो को पुस्तकालय का आदरणीय सदस्य अनिवार्य रूप बनाने का कार्य अगले 4-6 महीने मे सम्पूर्ण करने का लक्षय तय किया गया है । इस कार्य हेतु, पुस्तकालय के समस्त अधिकारियों तथा कर्मचारियो को e- ग्रंथालय के ऊपर विशेष प्रशिक्षण NIC के द्वारा दिया जा चुका है, जिसमे e-office के data का उपयोग

भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
जल संसाधन नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग
केंद्रीय जल आयोग
पुस्तकालय और सूचना ब्यूरो

सत्यमेव जयते

Government of India
Ministry of Jal Shakti
Dept. of Water Resources, RD&GR
Central Water Commission
Library & Information Bureau

करते हुये, software के माध्यम से, शीघ्रता से, के॰ज॰आ॰ के समस्त अधिकारियों तथा कर्मचारियो को पुस्तकालय का आदरणीय सदस्य बनाने का कार्य शुरू हो चुका है।

इसके अगले क्रम मे, पुस्तकालय मे के॰ज॰आ॰ मे उपलब्ध सभी DPRs तथा के॰ज॰आ॰ के द्वारा प्रकाशित तकनीकी पत्र/ पत्रिकाओ को digitized करके पुस्तकालय मे e- Granthalay पोर्टल पर उपलब्ध करने का प्रयास जारी है, जिसके लिए आप सभी से आपके पास उपलब्ध DPRs, तथा अन्य तकनीकी पत्र/ पत्रिकाओ की सूची मांगी गयी है, **जिसपर बहुत ही कम संखया मे प्रतिक्रिया मिली है।** आप सभी से अनुरोध है कि, मांगी गई सूचना को शीघ्रतापूर्वक भेजने का कष्ट करे, ताकि इस कार्य को जल्द ही शुरू किया जा सके।

इसके अगले क्रम मे, इस कार्यालय के पत्रांक / फ़ाइल न. N/43/2020- L & IB दिनांक 28/06/2021 द्वारा केन्द्रीय जल आयोग के पुस्तकालय और सूचना ब्यूरो के लिए नवीनतम तकनीकी पुस्तकों / जर्नल्स / पत्रिकाओं आदि की खरीद हेतु, सभी निदेशालयों व अनुभागों से सुझाव मांगे गए थे ; **परंतु अभी तक केवल एक सुझाव के अलावा किसी भी कार्यालय से कोई भी सुझाव प्राप्त नहीं हुए है।** जिससे कि पुस्तकों की खरीद हेतु बैठक नहीं हो पा रही है। अत: आयोग के सभी निदेशालयों / कार्यालयों / अनुभागों से निवेदन है कि तकनीकी पुस्तकों/ हिन्दी / जर्नल्स / समाचार पत्र / पत्रिकाओं (हिन्दी/अँग्रेजी) आदि खरीदने हेतु अपने सुझाव निश्चित रूप से दिनांक 15/10/2021 तक भेज दे। जिससे कि नवीनतम तकनीकी पुस्तकों / हिन्दी / जर्नल्स /समाचार पत्र / पत्रिकाओं (हिन्दी/अँग्रेजी) आदि खरीदने की बैठक आयोजित की जा सके ।

पुस्तकालय के समस्त अधिकारी तथा कर्मचारी, भारत के इस ऐतिहासिक तथा गौरवशाली पुस्तकालय के **आधुनिकरण** तथा पुस्तकालय के मेम्बर्स को उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने हेतु सदा प्रतिबद्ध है, तथा इस कार्य मे आपके सहयोग की आपेछा एवं अनुरोध करते है। कृपया इस विषय को वरीयता के आधार पर लेने की कृपा करे, तथा मांगी गई सूचनाओ को प्रथिमिकता पर देने का कष्ट करे।

भवदीय

वेंकटेश्वर्लु ई.,
उप. निदेशक

भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
जल संसाधन नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग
केंद्रीय जल आयोग
पुस्तकालय और सूचना ब्यूरो

सत्यमेव जयते

Government of India
Ministry of Jal Shakti
Dept. of Water Resources, RD&GR
Central Water Commission
Library & Information Bureau

पुस्तकालय एवं सूचना ब्यूरो

प्रति,

1. अध्यक्ष, के॰ज॰आ॰ के निजी सचिव।
2. सदस्य (D&R)/सदस्य(RM)/सदस्य(WP&P), के॰ज॰आ॰ के निजी सचिव।
3. मुख्य अभियंता (HRM) एवं सभी मुख्य अभियंता (मु.), के॰ज॰आ॰।
4. सचिव, के॰ज॰आ॰।
5. प्रशिक्षण निदेशालय, के॰ज॰आ॰।
6. के॰ज॰आ॰ सभी निदेशक महोदयों को।
7. D&R Coord. /WP&P Coord./RM Coord. से निवेदन है कि वे अपने-अपने विंग के अंतर्गत आने वाले निदेशालयों के माँग/सुझाव/प्रस्ताव की एक समेकित सूची (Consolidated list) बनवाकर पुस्तकालय मे भेजें।
7. सभी स्थापना अनुभाग 1 से 14, के॰ज॰आ॰।
8. लेखा अनुभाग 1 से 4, के॰ज॰आ॰।